मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-289
15/09/2024

# प्रधानमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 15 सितंबर 2024 :– प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा झारखंड राज्य के रांची एयरपोर्ट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुभारंभ कार्यक्रम में 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार शामिल हुए।

इस दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 6 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आज प्रधानमंत्री ने भागलपुर–हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, गया–हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, टाटानगर–पटना वंदे भारत एक्सप्रेस, देवघर–वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस, ब्रह्मपुर–टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस एवं राउरकेला–हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कियाा इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम से जुड़े लोगों को संबोधित किया

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 650 करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास/राष्ट्र को समर्पित किया। इसके तहत मधुपुर बाइपास रेल लाइन, चार रेल अंडर ब्रिज, कुरकुरा–कानारोवां डबलिंग एवं हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो जैसी रेल परियोजनाएं शामिल हैं।

रेलवे से संबंधित परियोजनाओं के शिलान्यास/राष्ट्र को समर्पण एवं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुभारंभ कार्यक्रम की शुरुआत होने से पहले दानापुर मंडल के डी0आर0एम0 श्री जयंत कुमार चौधरी ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को हरित पौधा एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान रेल परियोजनाओं पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गयी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, दानापुर मंडल के डी0आर0एम0 श्री जयंत कुमार चौधरी सहित रेलवे के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

******